# भोपाल हेडलाइंस

RNI: MPHIN/2023/88510








संपादकः- संतोष योगी वर्ष-02 अंक-01 भोपाल, मंगलवार 08 अप्रैल 2025 ईमेलः-santoshyogi755@gmail.com पृष्ठ-8 मूल्य 2 रुपया मो. 9993268143


## केवलारी में कुदरत का कहर खापा-देहवानी में भीषण आग से 100 एकड़ फसल खाक, किसानों की मेहनत पलभर में राख

**भोपाल हेडलाइंस 24 से जिला ब्यूरो चीफ जमुना अहरवार केवलारी**

केवलारी - खापा और देहवानी गांव के किसानों पर उस वक्त आफत टूट पड़ी जब रविवार दोपहर अचानक भीषण आग ने खेतों को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते 15 से ज्यादा किसानों की करीब 100 एकड़ में खड़ी फसल जलकर खाक हो गई। खेतों से उठते धुएं और आग की लपटों ने इलाके को दहला दिया। आग इतनी विकराल थी कि किसान कुछ भी बचा नहीं पाए। घटना की जानकारी मिलते ही अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महेश अग्रवाल पूरे राजस्व अमले के साथ मौके पर पहुंचे और स्वयं खेतों का निरीक्षण किया। हर तरफ जली हुई फसल, बदहवास किसान और चारों ओर पसरा सन्नाटा देखकर उन्होंने तत्काल पटवारी को आरबीसी 6(4) के तहत मुआवजा प्रकरण तैयार करने के निर्देश दिए। प्रशासन ने मौके पर राहत कार्य भी प्रारंभ कर दिया है।



### किसानों के घर पहुंचकर दी ढांढस

एसडीएम अग्रवाल ने सिर्फ निरीक्षण नहीं किया, बल्कि किसानों के घर-घर जाकर उन्हें ढांढस बंधाया। उनका कहना था, ÷प्राकृतिक आपदा में प्रशासन किसानों के साथ चट्टान की तरह खड़ा है। जल्द ही सभी प्रभावितों को राहत राशि दी जाएगी।÷ किसानों की आंखों में आंसू और होठों पर सवाल थे क्या अब सरकार वाकई साथ निभाएगी या सिर्फ आश्वासन देकर लौट जाएगी?

### खेतों में पसरा मातम, दिलों में जिंदा उम्मीद

जिन खेतों में कुछ दिन पहले तक फसलें लहलहा रही थीं, वहां अब सिर्फ राख और जलन की गंध है। मगर किसानों को उम्मीद है कि प्रशासन इस बार उनके साथ न्याय करेगा। अब सबकी निगाहें इस पर टिकी हैं कि राहत की घोषणा कब ज़मीन पर नजर आएगी।

## सभी बिजली कंपनियों में स्वास्थ्य बीमा योजना लागू करने का निर्णय



**बहादुर सिंह जिला ब्यूरो चीफ भोपाल हैडलाइंस 24 न्यूज़ राजगढ़**

ब्यावरा । सभी बिजली कंपनियों में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों के लिये स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की जायेगी। यह कार्यवाही समय-सीमा में पूरी करें।निर्धारित मापदंड के अनुसार कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित किया जायेगा। साथ ही मापदंड अनुसार काम नहीं करने वाले अधिकारियों को दंडित किया जायेगा। इसी के आधार पर स्थानांतरण और पदोन्नति भी तय की जायेगी। यह निर्देश ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बिजली कंपनियों के कार्यों की समीक्षा के दौरान दिये।

पीएम जन-मन और धरती आबा में स्वीकृत कार्य समय-सीमा में पूरा करें

पीएम जन-मन और धरती आबा योजना में स्वीकृत कार्यों को समय-सीमा में पूरा करें। तीनों विद्युत वितरण कंपनियां लॉइन लॉसेस कम करने के लिये सुनियोजित कार्ययोजना बनाएं। खराब ट्रांसफार्मर समय पर बदलें। न्यायालयीन प्रकरणों में सरकारी पक्ष मजबूती से रखें। विद्युत कटौती और मेंटेनेंस की जानकारी सोशल मीडिया में भी दें। अधिकारी-कर्मचारी होने के साथ ही एक नागरिक भी हैं। अत÷ हमारा सामाजिक दायित्व भी है। इसका निर्वहन निष्ठा के साथ होना चाहिए। अपर मुख्य सचिव ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 15 अप्रैल तक नये वित्तीय वर्ष की कार्ययोजना अनिवार्य रूप से बना लें।

## विधायक को दिया ट्रांसफार्मर लगाने का आवेदन



भोपाल हेडलाइन सरस्वती नगर कॉलोनी गोरेगांव में ट्रांसफर लगाने के लिए स्थानीय रहवासियों में दक्षिण पश्चिम विधानसभा के विधायक भगवानदास सबनानी को कॉलोनी में ट्रांसफार्मर लगाने का आवेदन दिया विधायक सबनानी ने कॉलोनी वासियों को आशीर्वाद किया है कि बहुत जल्दी विधायक निधि से ट्रांसफार्मर कॉलोनी में लगवा दिया जाएगा सरस्वती नगर निवासी रोहित मोदी, डा बलवान सिंह रावत, कृष्ण कुमार पटेल,साहित्य कुशवाहा , बैजू प्रसाद अहिरवार , प्रमोद नेगी , आर पी शर्मा सहित समस्त कॉलोनी वासी उपस्थित थे और उन्होंने विधायक का आभार जताया।

## ज्वरा विसर्जन करने वाले भक्तों को शरबत पिलाया पुष्पमाला श्रीफल साल से सम्मान किया

**संतोष योगी की खबर 9993268143**

भोपाल ज्वारा विसर्जन के पावन पर्व पर समाजसेवी एवं कांग्रेस के नेता रामपाल धोसले एवं पूर्व पार्षद ललिता धोसले द्वारा सरवत वितरण किया एवं श्रीफल शाल पुष्प माला पहनकर उनका सम्मान भी किया पिपलानी पेट्रोल पंप स्थित किया गया इस अवसर पर राजेश घोंसले सुमित धोंसले देवेंद्र सिकरवार विनोद



पिपरैया नानू अविनाश धोसले प्रमोद राही सुशील शर्मा शत्रुघ्न कुशवाहा ज्वाला सिंह रवि कटारिया अमर कुंडे गोविंदा सोहन महेडिया डी पी समुद्र सहित बड़ी संख्या में मौजूद थे

## महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज का अभिनंदन



**विजय नाथ योगी की खबर**

इंदौर। संतों के मार्गदर्शन और आध्यात्म से देश में चारों और धर्म गंगा बह रही है। सनातन धर्म की चारों ओर ख्याति फैल रही है। संतो ने केसरिया ध्वज के साथ तपोबल से धर्म, संस्कृति को संवाहक की तरह अक्षुण्ण बनाकर रखा है। ये विचार सर्वरूप महादेव विद्या प्रचार प्रसार सार्वजनिक विकास गौशाला समिति द्वारा जमनिया में दीक्षांत समारोह एवं 101 गौ माता पूजन कार्यक्रम में गजासीन शनिधाम के अधिष्ठाता, महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज ने कही। समिति के अध्यक्ष स्वरूप राठौर ने बताया कि महामंडलेश्वर स्वामी विष्णु गिरी बापूजी, संत गुलाब बाबा पडारू, शंकर महाराज, मुरलीधर महाराज, केशवचंद महाराज, रमेश महाराज, भगत महाराज पं. मनोज महाराज, विश्वनाथ महाराज की उपस्थि में महामंडलेश्वर डॉ. दादू महाराज का शाल,श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सभी संतजनों ने अभिनंदन किया। प्रारंभ में दीप प्रज्जवलन, भगवान शिव का पूजन पाठन करने के बाद गौशाला समिति अध्यक्ष स्वरूप राठौड़ को दीक्षा ग्रहण करा कर सनातन धर्म की रक्षा के लिए तत्पर रहने का संकल्प दिलाया गया । संचालन राहुल बजरंगी ने किया एवं आभार स्वरूप राठौर ने माना।

## नवीन पिट्टी तापड़िया की स्मृति में खिरकिया रेल्वे स्टेशन पर निशुल्क जल सेवा प्रारंभ विगत 12 वर्षों से गर्मी में कर रहे रेल्वे स्टेशन पर जल सेवा

**भोपाल हैडलाइन सिराली संवाददाता जिला ब्यूरो संजय योगी**



खिरकिया। नगर के तापड़िया परिवार द्वारा विगत बारह वर्षों से गर्मी के मौसम में खिरकिया रेल्वे स्टेशन पर निशुल्क शीतल जल सेवा की जा रही हे। नगर के वरिष्ठ समाज सेवी ओमप्रकाश तापड़िया के बड़े पुत्र नवीन पिट्टी तापड़िया की खिरकिया रेल्वे क्रासिंग पर ट्रेन दुर्घटना में मृत्यु होने के बाद से ही उनकी स्मृति में परिवार जनों द्वारा यह प्याऊ लगाकर जल सेवा की जा रही है। इस दौरान नगर के सामाजिक कार्यक्रताओ और सेवाभावी व्यक्तियों द्वारा अलग अलग ट्रेनों के समय स्टेशन पर पहुँचकर इस पुनीत कार्य में सहभागिता की जाती है। निःशुल्क जल सेवा का यह तेरहवा वर्ष है प्याऊ का शुभारंभ नगर के वरिष्ठ समाज सेवी माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष पूनमचंद सोनी माहेश्वरी समाज जिला अध्यक्ष विजय सोमानी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पूनमचंद गुप्ता पूर्व सांसद प्रतिनिधि महेंद्र सिह खनूजा मुख्य नगर पालिका अधिकारी आत्माराम सांवरे स्टेशन मास्टर आर एस पंवार रेल्वे अधिकारी पीयूष जैन,नायब तहसीलदार प्रिंसी जैन नगर विकास समिति सचिव राजेश मेहता के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन वैश्य समाज के तहसील अध्यक्ष गिरिराज माहेश्वरी ने किया । इस दौरान तापड़िया परिवार की और से निलेश तापड़िया, गोविदा तापड़िया और शरद तापड़िया द्वारा उपस्थित जनों को तिलक लगाकर अभिवादन किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महेन्द्र सिंह खनूजा ने कहा कि नगर का हर बच्चा बच्चा सेवाभावी है इस खिरकिया नगर में जन्मा हर इंसान कहीं ना कहीं पुण्य का भागी है जो उसे यह धरा मिली यहाँ जन्म के साथ ही इंसान माँ भगवती के आशीर्वाद से उसकी उपासना में लगा किसी न किसी माध्यम से सेवा कार्य में लग जाता है उन्होंने तापड़िया परिवार सहित इस पुनीत कार्य में सहभागिता करने वाले सभी लोगो को साधुवाद दिया उन्होंने इस अवसर पर नगर के युवा वर्ग से पश्चात्य संस्कृति की और बड़ते कदमों और नशे के बड़ते सेवन के चलन से हट खिरकिया के सेवा भाव के गौरवशाली हतिहास को आगे बड़ाने में बड़चड़कर सहभागिता कर किसी ने किसी रूप में सेवा कार्यो में लगे रहने की बात कही। इस दौरान नगर के वरिष्ठ समाजसेवी पदमाकर हरड़े, अशोक मंत्री विजय कोचर पंकज घुप्पड़ पुष्कर राय, श्याम मिश्रा सौरभ हेड़ा, आनंद दरगड़ नीरज तोषनिवाल विवेक मुंदडा नितिन श्रीवास अथर्व तापड़िया सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## भोपाल के तीन बैंकों में बायोमेट्रिक के माध्यम से होंगे , अमरनाथ यात्रा के ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन-रिंकू भटेजा

भोपाल हेडलाइन ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि इस वर्ष अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से प्रारंभ होकर 9 अगस्त रक्षाबंधन तक चलेगी जो 38 दिनों की होगी। भोपाल के तीन बैंकों एवं प्रदेश में 31 बैंकों की शाखाओं में 15 अप्रैल से बायोमेट्रिक के माध्यम से होंगे अमरनाथ यात्रा के ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन। भोपाल में जम्मू कश्मीर बैंक जवाहर चौक, पंजाब नेशनल बैंक न्यू मार्केट , स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया न्यू मार्केट में होंगे। रजिस्ट्रेशन




प्रदेश में 24 पंजाब नेशनल बैंक,5 स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, दो जम्मू कश्मीर बैंक की विभिन्न जिलों की ब्रांचों में होंगे। बैंकों के माध्यम से ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन का शुल्क 150/- प्रति व्यक्ति होगा। 13 वर्ष से 70 वर्ष के बीच के श्रद्धालु ही अमरनाथ यात्रा पर जा सकते हैं*।

रिंकू भटेजा ने आगे बताया कि रजिस्ट्रेशन करने से पूर्व कंपलसरी हेल्थ सर्टिफिकेट बनाना अनिवार्य होता है। मगर अभी तक श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा मध्य प्रदेश के अधिकृत डॉक्टर की लिस्ट जारी नहीं की गई है।

## धूमधाम श्रदा के साथ निकली राम नवमी अयोध्या श्री राम की शोभा यात्रा

सीता राम नगर ऑब्दुल्लागंज से बजरंग तवर की रिपोट 7 राम नवमी के पावन पर्व पर शिव मंदिर बॉर्ड नंबर 11 से गाजे बाजे धूम धड़के के साथ श्री राम जी की प्रतिमा के साथ निकली गई शोभा यात्रा जिसमे शिव मंदिर अर्जुन नगर वासियों ने झूमकर आंनद लिया । श्री राम की शोभा यात्रा मे पुलिस प्रशासन के संरक्षण मे वरिष्ट नेता लोग दिखाई दिये जिसमें भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री डॉक्टर भूपेंद्र नागर , बार्ड पार्षद सुनील सेरिया जी , भूत पूर्व पार्षद पदम जी ,वचन लोधी , धर्मेंद्र चौरसिया , एगलेश यादव , पार्षद राजेंद्र साहू ( गुड्डू भाईया) , विनोद नामदेव , श्री राम शोभा यात्रा मे भक्तीलिन मे दिखाई दिये वही पूर्व हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष श्री रमेश वासवानी ( सिंधी समाज के अध्यक्ष) श्री राम शोभा यात्रा मे पूर्व पार्षद पेमेश यादव, हरपाल सिंह राजपूत स्वागत करते नजर आये श्री राम शोभा मे हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष ( पार्षद ) मनोज खटीक हर वार की तरह श्री राम शोभा यात्रा मे स्वागत किया वही व्यापारी संघ साथियों के साथ भक्त जानो को जल व्यवस्था प्रदान करके श्री राम शोभा यात्रा का स्वागत करके श्री राम जी का आशीर्वाद प्राप्त किया ।




## इंटरनेशनल बिजनेस पर शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स



भोपाल हेडलाइन करियर कॉलेज (आटोनोमस) के वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग द्वारा बी बी ए और बीकॉम के विद्यार्थियों के लिए इंटरनेशनल बिजनेस पर एक माह का शॉर्ट टर्म सर्टिफिकेट कोर्स आयोजित किया गया जिसमें विषय विशेषज्ञों द्वारा विषय से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई करियर ग्रुप के अध्यक्ष श्री मनीष राजोरिया द्वारा विद्यार्थियों को इस विषय की व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई और समाप्ति उपरांत विद्यार्थियों को इंडस्ट्रियल विजिट एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए प्राचार्य डॉक्टर चरनजीत कौर विभाग की डीन डॉक्टर नीतू शर्मा एवं सभी फैकल्टी मेंबर्स ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की

## 27प्रतिशत ओबीसी आरक्षण की बहाली का सुप्रीम कोर्ट का फैसला सराहनीय : कुशवाहा

भोपाल, हेडलाइन अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के राष्टीय महासचिव राम विश्वास कुशवाहा ने ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण पर मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के फैसले को उचित ठहरने पर सुप्रीम कोर्ट का मुहर स्वागत योग्य है श्री कुशवाहा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से सर्वाधिक जनसंख्या वाले ओबीसी समाज का 13त्न होल्ड किया गया आरक्षण की बहाली का मार्ग प्रशस्त हुआ है , इससे बेरोजगार युवाओं के रोजगार का नया अवसर उपलब्ध होगा। श्री कुशवाहा ने मध्य प्रदेश सरकार से अपील की है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर मध्य प्रदेश में 13त्न होल्ड किया गया आरक्षण के बहाली का शीघ्र आदेश जारी करें, जिससे युवाओं को जीविका का साधन उपलब्ध हो सके।